विचार-प्रवाह...बड़ा भंडाफोड़ 'पैंडोरा पेपर्स'



देहरादून, शनिवार, 13 नवंबर 2021

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 24.0° न्यूनतम 14.0°

40243.39

2 जिनपिंग के तीसरे कार्यकाल का रास्ता साफ

7 दिल जीत गए मोहम्मद रिजवान

# उत्तराखंड में कांटे का मुकाबला!

## 5 राज्यों में कहां किसकी बन रही सरकार, चुनाव के ऐलान से पहले आया सर्वे

- सर्वे के अनुसार पंजाब में कांग्रेस को झटका, आप को फायदा
- गोवा में बीजेपी की राह आसान, आम आदमी पार्टी देगी टक्कर



### उत्तराखंड में कांग्रेस देगी बीजेपी को कड़ी टक्कर

उत्तराखंड में कांग्रेस बीजेपी को कड़ी टक्कर देती नजर आ रही है। 70 सीटों वाली विधानसभा में एबीपी सर्वे के अनुसार कांग्रेस को 30–34 सीट मिलने का अनुमान है। सर्वे में बीजेपी को 36–40 सीट मिलने की बात कही जा रही है। आम आदमी पार्टी के खाते में 0–2 सीट आ सकती है। वोट शेयर की बात करें तो राज्य में कांग्रेस को 36 प्रतिशत जबकि बीजेपी को 41 प्रतिशत वोट मिलने का अनुमान है। आम आदमी पार्टी को 12 प्रतिशत जबकि अन्य के खाते में 11 प्रतिशत वोट मिलने का अनुमान है। राज्य में सीएम के रूप में कांग्रेस नेता हरीश रावत (31प्रतिशत) पहली पसंद है। दूसरे स्थान पर मौजूद सीएम पुष्कर सिंह धामी (28प्रतिशत) हैं।

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश के पांच राज्यों में अगले साल की शुरुआत में विधानसभा चुनाव होने हैं। इससे पहले ABP News ने सीवोटर के साथ मिलकर चुनावी राज्यों में जनता का मूड समझने की कोशिश की है। यह सर्वे 5 प्रदेशों के 1 लाख 7 हजार से ज्यादा लोगों पर किया गया है। सर्वे नवंबर के पहले हफ्ते में किया गया है। अगले साल 5 राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव में किसकी सरकार बनेगी। यूपी, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर में होने वाले चुनाव पर सबकी नजर है। जानते हैं सर्वे में किस पार्टी की बनेगी सरकार, किसे मिलेगी हार।

**यूपी में बीजेपी की फिर हो सकती है वापसी**

यूपी चुनाव में योगी की सरकार में वापसी होगी या अखिलेश बीजेपी का रास्ता रोक देंगे। सी–वोटर सर्वे के अनुसार यूपी में बीजेपी को 213 से 221 सीट मिलने का अनुमान है। वहीं, अखिलेश यादव वाली सपा को 152 से 160 सीट मिल सकती हैं। सर्वे में बसपा को 16–20 सीट मिलने की बात कही गई है। प्रियंका गांधी की तमान कोशिशों के बाद भी कांग्रेस की स्थिति में कोई खास फायदा नहीं हो सकता है। सर्वे के अनुसार कांग्रेस को 6–10 सीटों पर संतोष करना पड़ सकता है। सर्वे के अनुसार वोट शेयर के मामले में भी बीजेपी सबसे आगे है। पार्टी को 41 प्रतिशत वोट मिलने का अनुमान है। समाजवादी पार्टी को 31 प्रतिशत वोट मिल सकते हैं। वहीं, बीएसपी को 15 प्रतिशत, कांग्रेस को 9 प्रतिशत और अन्य को 4 प्रतिशत वोट मिलने का अनुमान है।

**गोवा में बीजेपी की राह आसानः** गोवा में इस बार बीजेपी की राह आसान नजर आ रही है। सी–वोटर सर्वे के अनुसार राज्य में बीजेपी को सबसे अधिक 36 प्रतिशत वोट मिलने की बात कही जा रही है। वहीं, कांग्रेस को महज 19 प्रतिशत वोट हिस्सेदारी से ही संतुष्ट होना पड़ेगा। यहां आम आदमी पार्टी बेहतर प्रदर्शन कर सकती है। पार्टी को इस बार 24 प्रतिशत वोट शेयर मिलने का अनुमान है।

### पंजाब में किसको कितनी सीटें

एबीपी के चुनाव पूर्व पोल सर्वे में पंजाब में कांग्रेस को झटका लगता दिखाई दे रहा है। 2017 में 70 सीट जीतने वाली कांग्रेस इस बार 42 से 50 सीट के भीतर सिमटती दिख रही है। इस चुनाव आम आदमी पार्टी को फायदा मिलता दिख रहा है। आम आदमी पार्टी को 47 से 53 सीट मिलने का अनुमान है। शिरोमणि अकाली दल को बीजेपी गठबंधन से हटने का फायदा सीटों के रूप में तो नहीं दिख रहा है। सर्वे में शिअद को 16 से 24 सीट मिलने की बात कही है। बीजेपी 0–1 सीट मिलने की बात कही गई है। पंजाब में विस की कुल 117 सीटें है।

## संक्षिप्त समाचार

### सामूहिक दुष्कर्म मामले में दोषी पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति को उम्रकैद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। एमपी एमएलए की विशेष अदालत ने शुक्रवार देर शाम को यह सजा सुनाई। गायत्री के दो अन्य साथियों आशीष शुक्ला व अशोक तिवारी को भी आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। तीनों पर दो लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

### केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पहुंचे वाराणसी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वाराणसी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शुक्रवार शाम बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचे। इस दौरान उनका स्वागत सीएम योगी आदित्यनाथ किया। वहीं उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और दिनेश शर्मा की भी मौजूदगी रही।

# गुड गवर्नेंस के तहत तय होगी जबाबदेही व पारदर्शिता

## अपणि सरकार, उत्तराखंड सरकार: अब एक क्लिक पर मिलेगी 75 सेवाएँ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। प्रधानमंत्री के मिनिमम गवर्मेंट मैक्सिमम गवर्नेंस की संकल्पना को मूर्तरूप प्रदान करता अपणि सरकार पोर्टल eservices-Uk-gov-in उत्तराखंड सरकार के अभिनव प्रयास का परिणाम हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा अगले सप्ताह इसका शुभारम्भ किया जाएगा। प्रदेश में इस तरह की शुरुआत अपनेआप मे एक अनूठी पहल है इस पोर्टल के माध्यम से उत्तराखंड का आम नागरिक जाति प्रमाण पत्र , आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, सहित कुल 10 विभागों के 75 सेवाओं का लाभ घर बैठे उठा सकेगी ।

इन सेवाओं के निवेदन ,प्रमाण पत्र प्राप्त करने आदि कार्यों में जनता की कठिनाइयों को यह पोर्टल निसंदेह न केवल सहज व सुगम बनाएगा अपितु अनावश्यक बाधाओं को समाप्त कर देगा तथा एक तय समयसीमा के अंदर उन्हें सभी सेवाओं का लाभ घर बैठे मिल सकेगा। अनेक विशेषताओं से सुसज्जित इस पोर्टल के निगरानी तंत्र के माध्यम से सभी कर्मचारियों व अधिकारियों की जबाबदेही भी सुनिश्चित की जा सकेगी, जिसके परिणाम स्वरूप एक पारदर्शी व जबाबदेह व्यवस्था सुचारु रूप से चलती रहेगी। इस पोर्टल के जरिए नागरिकों के आवेदन करने की प्रक्रिया प्रारंभ होते ही सक्षम पदाधिकारी के निगरानी में सभी प्रक्रिया संपन्न होगी। पटवारी से तहसीलदार , जिलाधिकारी से मुख्य सचिव , प्रमुख सचिव व मुख्यमंत्री तक इस मॉनिटरिंग तंत्र के हिस्सा है, जिससे यह स्पष्ट है की "अपणि सरकार पोर्टल" सुलभता के साथ उत्तराखंड सरकार को आपके द्वार लाने का ही नही अपितु जबाबदेह प्रशासन की नीति को भी मुकम्मल करेगी।

### समय और पैसे की होगी बचत

अपणि सरकार पोर्टल के जरिए उत्तराखंड के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले नागरिक ऑनलाइन आवेदन कर समयवध तरीके से प्रमाण पत्र हासिल कर सकेंगे। इससे संबंधित आवेदन कर्ता को तहसील और अन्य दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने होंगे । जिससे संबंधित व्यक्ति का समय भी बचेगा और दफ्तर तक जाने के लिए खर्च होने वाले किराए की भी बचत होगी । पहले उम्मीदवारों को ऑफलाइन आवेदन फॉर्म भरने या फिर मामूली गलती के लिए बार–बार दफ्तरों में जाना पड़ता था इस व्यवस्था से इन सब बातों का छुटकारा मिले सकेगा।

# गांधी परिवार हिंदू धर्म के खिलाफ हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। राहुल गांधी के हिंदू धर्म और हिंदुत्व के साथ ही कांग्रेस विचारधारा को शिव से जोड़ने पर संबित पात्रा ने पलटवार किया है। संबित पात्रा ने कहा कि गांधी परिवार हिंदू धर्म के खिलाफ है। कांग्रेस और गांधी परिवार का यह चरित्र रहा है। इन लोगों को जब भी मौका मिलता है ये लोग ऐसा करते हैं। राहुल गांधी ने हिंदू धर्म पर हमला किया है। संबित पात्रा ने कहा कि ये पहली बार नहीं है कि राहुल गांधी ने इस तरह का बयान दिया है।

बीजेपी प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस नेताओं के बयान संयोग नहीं प्रयोग हैं। बीजेपी नेता ने कहा कि राहुल गांधी ने मंदिर जाने वालों को लंफगा कहा था। पात्रा ने कहा कि हिंदू धर्म के भीतर 24 घंटे के भीतर तीन बार प्रहार होता है। पात्रा ने पहले की पार्टी लाइन पर ही आगे बढ़ते हुए कहा कि राहुल गांधी के कहने पर ही इस तरह के बयान दिए जा रहे हैं।

**राहुल बोले-बीजेपी, आरएसएस ने नफरत फैला दी हैः** राहुल गांधी ने कहा था कि हमें यह बात माननी पड़ेगी कि आज के हिंदुस्तान में बीजेपी, आरएसएस ने नफरत फैला दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा जो जोड़ने की है, उसे बीजेपी की विचारधारा ने ओवरशेडो कर दिया है। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस की विचारधारा मिटी नहीं है।

कांग्रेस विचारधारा का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि जिस शक्ति को हम शिव कहते हैं, शिवा कहते हैं उसका यह प्रतीक है। राहुल गांधी ने कहा कि कबीर, गुरुनानक, महात्मा गांधी जैसे बहुत सारे लोगों ने इस विचारधारा को अपनाया और फैलाया। राहुल गांधी ने कहा कि उनके भी आइकन हैं हमारे भी आइकन हैं। उनके आइकन सावरकर हैं, हमारे महात्मा गांधी हैं।

### बवाल

- हिंदुत्व को लेकर राहुल गांधी के बयान पर भाजपा ने साधा निशाना

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# महिला अधिकारियों को मिलेगा परमानेंट कमीशन

### सुप्रीम कोर्ट की चेतावनी के बाद सेना ने भरी हामी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट की चेतावनी के बाद इंडियन आर्मी महिला अधिकारियों को परमानेंट कमीशन देने के लिए मान गई है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा अदालत की अवमानना की कार्रवाई की चेतावनी के बाद आर्मी की ओर से सुप्रीम कोर्ट को बताया गया कि जो भी महिला अधिकारी सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत मानदंड को पूरा करेंगी, उन्हें परमानेंट कमीशन दिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान स्पष्ट किया कि जिन महिला अधिकारियों के पास अनुशासनात्मक और विजिलेंस क्लियरेंस है वह मेडिकल क्राइटेरिया पूरा करने की स्थिति में स्थाई कमीशन की हकदार होंगी। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि आर्मी अपने आप में सुप्रीम अथॉरिटी हो सकती है लेकिन संवैधानिक अदालत, जूरिडिक्शन में सुप्रीम है। सुका के जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच ने रक्षा मंत्रालय और सेना को आदेश दिया है कि अवमानना याचिका दायर करने वाली 11 योग्य महिला अधिकारियों को 10 दिनों के भीतर परमानेंट कमीशन दिया जाए।